महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पांच विद्यार्थियों का अंतरराष्ट्रीय शिविर के लिए चयन
*सिक्किम के माननीय श्रीनिवास पाटिल जी से करेंगे चर्चा
*सांसद माननीय रामदास जी तडस ने दी शुभकामनाएं

सिक्किम में आगामी 1 से 10 अप्रैल के दौरान राष्ट्रीय युवा योजना दिल्ली के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें सहभागिता करने महाराष्ट्र राज्य से 15 युवक युवतियों का चयन किया गया है। इनमें हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के महात्मा गांधी फ्युजी गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र के पांच विद्यार्थी चयनित हुए हैं। यह विद्यार्थी हैं : मेघा श्रीवास, प्रगती हातेवार, अक्षय कदम, राहुल पाटिल एवं अश्विनी नेहारे। केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ मिथिलेश कुमार व शिवसिंह बघेल के मार्गदर्शन में इन विद्यार्थियों का चयन किया गया। उनके चयन की जानकारी राष्ट्रीय युवा योजना के वर्धा जिला प्रमुख सारंग रघाटाटे ने दी।
इस शिविर में आयोजित महाराष्ट्र के सभी शिबिरार्थियों को सिक्किम के महामहिम राज्यपाल माननीय श्री श्रीनिवास पाटिल जी ने अपने राज भवन में महाराष्ट्र के युवाओं के विकास के बारे में चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया है। इस शिविर के लिए वर्धा के सांसद श्री रामदास जी तडस ने सभी युवाओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है तथा इसे वर्धा जिले के लिए गौरव की बात कहा है।
इससे पूर्व पटना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिविर में भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इस दस दिवसीय शिविर में वरिष्ठ गांधी विचारक एस एन सुब्बाराव जी के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा उपक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

---

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा येथील पांच विद्यार्थ्यांची आंतरराष्ट्रीय शिबिराकरिता निवड
*सिक्किमचे राज्यपाल माननीय श्रीनिवास पाटिल यांच्याशी चर्चेचे निमंत्रण
*खासदार माननीय रामदास जी तडस यांचे कडून शुभेच्छा

सिक्किम मध्ये आगामी 1 ते 10 एप्रिल दरम्यान राष्ट्रीय युवा योजना दिल्ली अंतर्गत आंतरराष्ट्रीय युवा शिबिर आयोजित करण्यात आले आहे.शिबिरात सहभाग घेण्यासाठी महाराष्ट्र राज्यातून निवड झालेल्या 15 युवक युवतींमध्ये वर्धेतील महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील महात्मा गांधी फ्युजी गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्रातील पांच विद्यार्थ्यांचा समावेश आहे. मेघा श्रीवास, प्रगती हातेवार, अक्षय कदम, राहुल पाटिल व अश्विनी नेहारे यांची निवड सहायक प्रोफेसर डॉ मिथिलेश कुमार व शिवसिंह बघेल यांनी केली.
अशी माहिती राष्ट्रीय युवा योजना वर्धा जिल्हा प्रमुख सारंग रघाटाटे यांनी दिली.
सिक्किमचे महामहिम राज्यपाल माननीय श्री श्रीनिवास पाटिल जी यांनी राज्यातील युवा युवतींना राज भवनात महाराष्ट्रातील युवा विकास या विषयावर चर्चेकरिता आमंत्रित केले आहे. वर्धेचे खासदार श्री रामदास जी तडस यांनी सर्व युवकांना हार्दिक शुभेच्छा दिल्या आहेत. ही जिल्हयासाठी गौरवाची बाब आहे असेही ते म्हणाले.
याआधी पटना येथे झालेल्या आंतरराष्ट्रीय युवा एकता शिबिरातही विद्यार्थ्यांनी भाग घेतला होता. या दहा दिवसीय शिबिरात वरिष्ठ गांधी विचारवंत डॉ एस एन सुब्बाराव जींच्या नेतृत्वात विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम, उपक्रमांचे आयोजन करण्यात येईल.

---

माननीय महोदय
कृपया संलग्न समाचार प्रकाशित कर अनुगृहीत करें।